Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 1 नवंबर, 2023

विश्व शहर दिवस 2023

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा नामित **विश्व शहर दिवस प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को मनाया जाता है** जिसे **पहली बार वर्ष 2014 में मनाया गया था।**

- यह दिवस वैश्विक शहरीकरण **में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की रुचि** को बढ़ावा देने, शहरीकरण की चुनौतियों से निपटने में देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और विश्व भर में सतत् शहरी विकास में योगदान करने के अवसर के रूप में कार्य करता है।
- **वर्ष 2023 की थीम:** "सभी के लिये सतत् शहरी भविष्य का वित्तपोषण" है।
- UN-हैबिटेट कार्यक्रम सतत् विकास लक्ष्य 11 **के अनुरूप संधारणीय शहरों** के विकास को बढ़ावा देता है।
    - संयुक्त राष्ट्र मानव बस्ती कार्यक्रम (UN-हैबिटेट) मानव बस्तियों और सतत् शहरी विकास के लिये संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है।

और पढ़ें... विश्व शहर दिवस/वर्ल्ड सिटीज़ डे

कर्नाटक का राज्योत्सव पुरस्कार

कर्नाटक **राज्य का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान**, **राज्योत्सव पुरस्कार**, कर्नाटक सरकार द्वारा **1 नवंबर को कर्नाटक राज्योत्सव दिवस** पर दिया जाता है।

- राज्योत्सव पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों के असाधारण योगदान को मान्यता प्रदान करता है।
- 1 नवंबर को मनाया जाने वाला कर्नाटक स्थापना दिवस (राज्योत्सव दिवस) वर्ष **1956** में राज्य के गठन का प्रतीक है। यह **दक्षिण भारत के कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के विलय** के परिणामस्वरूप हुआ।
    - भारत की स्वतंत्रता के दौरान दक्षिण भारत पर मैसूर, **हैदराबाद के निज़ाम, मद्रास प्रेसीडेंसी और बॉम्बे प्रेसीडेंसी** का शासन था। प्रशासन में सुधार के लिये **भाषा के आधार पर क्षेत्रों का पुनः वर्गीकरण** किया गया।
    - वर्ष 1956 में मैसूरु की सीमाओं को कन्नड़ भाषी क्षेत्रों को शामिल करने के लिये समायोजित किया गया था।
    - **1 नवंबर, 1973** को इसका नाम **'मैसूर'** से बदलकर **'कर्नाटक'** कर दिया गया। तब से प्रत्येक वर्ष **1 नवंबर को राज्य के गठन का जश्न मनाया जाता है।**

बैलन डी'ओर 2023

लियोनेल मेस्सी ने अपना **आठवाँ बैलन डी'ओर** खिताब हासिल किया, जो फुटबॉल इतिहास में एक रिकॉर्ड है और **एताना बोनमती** ने स्पेन की महिला विश्व कप व बार्सिलोना की सफलता में उनके असाधारण योगदान के लिये **बैलन डी'ओर फेमिनिन पुरस्कार जीता है।**

- बैलन डी'ओर 1956 से फ्राँसीसी समाचार पत्रिका फ्राँस फुटबॉल द्वारा प्रस्तुत, वार्षिक रूप से दिया जाने वाला पुरस्कार है।
- **बैलन डी'ओर पुरस्कार पिछले सीज़न से खिलाड़ी के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर आधारित होते हैं।** यह पिछले मानदंडों में एक बदलाव है, जो कैलेंडर वर्ष के दौरान खिलाड़ी के प्रदर्शन पर आधारित थे।
- इस पुरस्कार का वर्ष 2010 से वर्ष 2015 तक **फीफा वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर** के साथ अस्थायी रूप से विलय कर दिया गया था और इसे फीफा बैलोन डी'ओर के रूप में जाना जाता है। हालाँकि वर्ष 2016 में यह साझेदारी समाप्त हो गई।

और पढ़ें...भारतीय फुटबॉल का विज़न 2047

भारत में प्रमुख उद्योगों में मज़बूत वृद्धि

सितंबर 2023 के लिये भारत में आठ प्रमुख उद्योगों (ICI) का सूचकांक सितंबर 2022 की तुलना में 8.1% की वृद्धि के साथ मज़बूत वृद्धि का संकेत देता है।

- ICI आठ प्रमुख उद्योगों जैसे- सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, विद्युत, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और स्टील के उत्पादन के संयुक्त

तथा व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है।
    - आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल वस्तुओं का 40.27% हिस्सा शामिल है।
- विशेष रूप से **कोयला उत्पादन में 16.1% की वृद्धि हुई,** जबकि इस्पात और विद्युत उत्पादन में भी क्रमशः 9.6% एवं 9.3% की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई।
    - हालाँकि **कच्चे तेल के उत्पादन में 0.4% की मामूली गिरावट देखी गई।**
- यह विकास पथ भारत के प्रमुख उद्योगों में समग्र सकारात्मक गति को दर्शाता है, जो राष्ट्र के लिये एक आशाजनक आर्थिक परिदृश्य को रेखांकित करता है।

और पढ़ें...कोर सेक्टर इंडस्ट्रीज़

मेरा युवा भारत (मेरा भारत)

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **'मेरा युवा भारत (MY भारत)'** प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, जिसका **लक्ष्य** युवा विकास **एवं युवा-नेतृत्व वाले विकास के लिये प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाप्रदाता** बनना है।

- **राष्ट्रीय युवा नीति** में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप **मेरा भारत, 15-29 वर्ष के आयु वर्ग** के युवाओं को लाभान्वित करेगा।
    - विशेष रूप से किशोरों के लिये बनाए गए कार्यक्रम के **लाभार्थी 10-19 वर्ष** की आयु के होंगे।
- यह एक **'फिजिटिल प्लेटफॉर्म' (भौतिक + डिजिटल)** है जिसमें डिजिटल रूप से जुड़ने के अवसर के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि भी शामिल है।
    - यह एक ऐसे ढाँचे की कल्पना करता है जहाँ हमारे **देश के युवा कार्यक्रमों, सलाहकारों एवं अपने स्थानीय समुदायों से निर्बाध रूप से जुड़ सकें।**
    - यह जुड़ाव स्थानीय मुद्दों के बारे में उनकी समझ को बढ़ाने के साथ रचनात्मक समाधानों में योगदान करने के लिये उन्हें सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

और पढ़ें... भारत में युवा 2022 रिपोर्ट

पैरा एशियन गेम्स 2023 में भारत ने रचा इतिहास

भारतीय **पैरा-एथलीटों** ने **हांगझोऊ, चीन में आयोजित पैरा एशियाई खेलों** के इतिहास में अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने समग्र रूप से 111 पदक जीते हैं जिनमें 29 स्वर्ण पदक शामिल हैं।

- इसके साथ ही भारत **समग्र पदक तालिका में चीन, ईरान, जापान और कोरिया गणराज्य के बाद 5वें स्थान पर पहुँच गया।**
- जीते गए कुल 111 पदकों में **महिला पैरा-एथलीटों** का अहम योगदान रहा है, जिसमें 40 पदक शामिल हैं, जो कुल पदक तालिका का 36% है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-1-november,-2023